# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरसिंहपुर
(ए0डी0आर0 भवन, जिला न्यायालय नरसिंहपुर 487001)
फोन: 07792-292166 ईमेल: secdlsanrp@mp.gov.in


क्र.फा.नं. 744 / एलएडीसीएस / जिविसेप्रा / 26 नरसिंहपुर, दिनांक 07 / 07 / 2026

## / / विज्ञप्ति / /

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसिल मॉडिफाईड योजना, 2022 अंतर्गत निम्नांकित कार्यालयीन स्टॉफ की संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है–

| क्र. | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | ऑफिस असिस्टेंट | 01 |
| 02 | रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर | 01 |
| 03 | ऑफिस प्यून (अटेंडेन्ट) | 01 |

**उपरोक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करने की तिथि–**

| क्र. | विवरण | प्रस्तावित तिथि |
|---|---|---|
| 01 | आवेदन आमंत्रित करने की प्रारंभिक तिथि | 07 / 07 / 2026 |
| 02 | आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि | 20 / 07 / 2026 |
| 03 | आवेदन पत्रों की छटनी एवं योग्य अभ्यर्थियों की सूची जारी करने की तिथि | 25 / 07 / 2026 |

**आयु सीमा–**

ऑफिस असिस्टेंट, रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं ऑफिस प्यून के लिए आवेदक / अभ्यर्थी के लिए आयु सीमा दिनांक 07 / 07 / 2026 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष निर्धारित की गई है।

**अर्हताएं–**

- ऑफिस असिस्टेंट के पद हेतु निम्नांकित अर्हताएं है–
  1) शैक्षणिक योग्यता – स्नातक
  2) सामान्य वर्ड प्रोसेसिंग दक्षता एवं कंप्यूटर को संचालित करते हुए उसमें डाटा की एंट्री किए जाने हेतु आवश्यक दक्षता।
  3) आवेदनों / याचिकाओं की समुचित सेटिंग के साथ 40 वर्ड प्रति मिनिट की टाईपिंग स्पीड।
  4) अभिलेख के संधारण एवं उसकी प्रोसेसिंग का ज्ञान।
- रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद हेतु निम्नांकित अर्हताएं है–
  1) शैक्षणिक योग्यता – स्नातक
  2) मौखिक एवं लिखित संसूचना की उत्कृष्ट योग्यता

MPPLR

3) वर्ड एवं डाटा प्रोसेसिंग की योग्यता
4) टेलीफोन, फैक्स एवं अन्य टेली कम्यूनिकेशन सिस्टम पर कार्य करने की योग्यता
5) कुशल एवं अच्छी टाईपिंग स्पीड

- ऑफिस प्यून के पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 08वीं उत्तीर्ण होना निर्धारित किया गया है।

निर्हताएं–

- ऐसा अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए अपात्र होगा/होगी जो निम्न में से कोई हो–
  1) उम्मीदवार जो नैतिक अधमता से जुडे अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया गया हो।
  2) जो मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं पाए जाए।
  3) जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का दोषसिद्ध ठहराया गया हो।
- केन्द्र या राज्य सरकार के या केन्द्र या राज्य सरकार के अधिकारी या भारत के किसी भी न्यायालय द्वारा या स्थानीय प्राधिकारी या सरकारी निगम द्वारा या केन्द्र या राज्य सरकार के स्वामित्व वाले नियंत्रित व्यक्ति द्वारा सेवा से बर्खास्त किया गया अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा।
- अभ्यर्थी किसी भी पद हेतु किसी भी स्थापना में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा यदि उसके विरूद्ध किसी कार्यालय में विभागीय जांच लंबित हो।
- अभ्यर्थी को केन्द्रीय या संघ या किसी राज्य के लोक सेवा आयोग या उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित किसी परीक्षा में भाग लेने से अनर्हरित किया गया हो।
- अभ्यर्थी किसी प्रकार के अनैतिक क्रियाकलाप में संलग्न रहा हो/दोषसिद्ध पाया गया हो।
- यदि अभ्यर्थी के द्वारा किसी क्रियाकलाप या कार्यक्रम में भाग लिया गया है या संबद्धता रही है–
  1) जिसका उद्‌देश्य भारत के संविधान को क्षति पहुंचाने का रहा हो,
  2) जिसका उद्‌देश्य संगठित होकर विधि की अवज्ञा या भंग कर हिंसा कारित करना हो,
  3) जो भारत की संप्रभुता व अखण्डता या राज्य की सुरक्षा के हितों पर पूर्वाग्रह कारित करता हो,
  4) जो धर्म, वंश, भाषा, जाति या संप्रदाय के आधार पर विभिन्न वर्गो के मध्य शत्रुता या घृणा की भावना को प्रोत्साहित करता हो।
- यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन की शर्ते पूरी न करते हुए भी आवेदन प्रस्तुत करता है या उसका आवेदन त्रुटिपूर्ण पाया जाता है अथवा उसमें असत्य/अपूर्ण जानकारी दी है अथवा कोई जानकारी नहीं दी है अथवा किसी जानकारी को छिपाया गया है, तो संज्ञान में आते ही किसी भी स्तर/प्रक्रम पर उसका प्रवेश, चयन और उसकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।
- इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र बहुत सावधानीं से भरें, आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार का कोई प्रावधान नहीं है, इस संबंध में प्राप्त अभ्यावेदनों को नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा।
- यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में विचाराधीन हो अथवा किसी न्यायालय से निराकृत हो चुका हो, तो निर्णय/संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण कमांक व दिनांक आदि की जानकारी अनिवार्यतः दें। यदि कोई अभ्यर्थी आवेदन पत्र में पंजीबद्ध अपराध या दाण्डिक प्रकरण की जानकारी छिपाता है या असत्य जानकारी देता है, तो किसी भी समय संज्ञान में आने पर तत्काल

MPPLR

उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।

- निम्नलिखित मामलों में उल्लंघन करने वाले अभ्यर्थियों का अभियोजन किया जा सकेगा और/या चयन के लिए उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी और/या उसे या तो स्थायी रूप से या विशिष्ट अवधि के लिए विवर्जित कर दिया जाएगा–

  1) जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिए भर्ती हेतु किसी भी तरीके से समर्थन प्राप्त किया हो या इसके लिए प्रयास किया हो, या

  2) प्रतिरूपण (इम्परसोनेशन) किया हो या कराया हो, या

  3) कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किए हों, जिनमें फेरबदल किया हो, या

  4)चयन के किसी भी स्तर पर दिए गए किसी भी आवेदन/प्रपत्र/अनुप्रमाणन/दस्तावेज में, असत्य जानकारी दी हो या सारभूत जानकारी छिपाई हो, या

  5) साक्षात्कार में प्रवेश पाने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो, या
- साक्षात्कार के संचालन में लगे कर्मचारियों/अधिकारियों को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारीरिक क्षति पहुंचायी हो या किसी तरीके से दुर्व्यवहार किया हो, या
- अभ्यर्थियों को दिए गए निर्देशों या अन्य अनुदेशों, जिनमें साक्षात्कार के संचालन में लगे केन्द्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारी द्वारा मौखिक रूप से दी गई हिदायतें भी शामिल है, का उल्लंघन किया हो, या
- साक्षात्कार भवन में चिल्लाना,बोलना,कानाफूसी करना, इशारे करना व अन्य प्रकार से संपर्क साधना, या
- साक्षात्कार में अपने पास किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री रखना, जैसे मोबाइल फोन, कैमरा लगा कोई उपकरण या कोई भी इलेक्ट्रानिक और संचार उपकरण प्रतिबंधित है।

**चयन प्रक्रिया–**

ऑफिस असिस्टेंट एवं रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों का चयन, साक्षात्कार एवं व्यवहारिक/कंप्यूटर दक्षता परीक्षा के माध्यम से तथा ऑफिस प्यून के पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों का चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति/साक्षात्कार बोर्ड के द्वारा किया जाएगा।

**मानदेय–**

| क्र. | पदनाम | पदों की संख्या | मासिक मानदेय रूपए में |
|---|---|---|---|
| 01 | ऑफिस असिस्टेंट | 01 | 12,500/–रूपए |
| 02 | रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर | 01 | 12,000/–रूपए |
| 03 | ऑफिस प्यून (अटेंडेन्ट) | 01 | 10,000/–रूपए |

**नियम एवं शर्तें :–**

- साक्षात्कार के समय सभी अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक एवं आयु प्रमाण पत्र एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र के साथ सक्षम अधिकारी (जो अनुविभागीय अधिकारी से निचले स्तर का न हो) द्वारा जारी किया गया हो तथा सत्यापित, पठनीय छायाप्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

MPPLR

- आयोजित परीक्षाओं के दिनांक व समय की सूचना तथा प्रवेश पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर द्वारा डाक के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। इस हेतु प्रत्येक अभ्यर्थी को अपना संपूर्ण डाक पता एवं वाट्सअप मोबाईल नंबर स्पष्ट रूप से आवेदन में उल्लेखित करना होगा। साथ ही उक्त की सूचना जिला एवं सत्र न्यायालय नरसिंहपुर की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध कराई जावेगी।
- पुनः मूल्यांकन/पुनः साक्षात्कार हेतु आवेदन करने का कोई प्रावधान नहीं है। अतः इस विषय मे प्राप्त आवेदनों पर कोई कार्यवाही नही की जावेगी तथा इस संबंध मे प्राप्त आवेदन अभ्यावेदन संक्षिप्ततः निरस्त कर दिए जाएंगे।
- साक्षात्कार में सम्मिलित अभ्यर्थियों के परीक्षा परिणाम कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के सूचना पटल पर चस्पा किए जाएंगे। साथ ही उक्त की सूचना जिला एवं सत्र न्यायालय नरसिंहपुर की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध कराई जावेगी।
- **अभ्यर्थी किसी भी एक पदवर्ग हेतु ही आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।**
- चयन प्रकिया को संशोधित या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर को होगा।
- प्रत्येक अभ्यर्थी को वर्तमान की दो कलर पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित जिसमें से एक फोटो आवेदन पत्र पर चस्पा करना है तथा एक अन्य फोटो आवेदन के साथ संलग्न कर प्रेषित करना है।

07/07/2026

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
नरसिंहपुर

MPPLR

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरसिंहपुर

**(ए0डी0आर0 भवन, जिला न्यायालय नरसिंहपुर 487001)**

नालसा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल मॉडिफाईड स्कीम, 2022 के अंतर्गत
मुख्यालय नरसिंहपुर हेतु 01 वर्ष की संविदा आधार पर

## ऑफिस असिस्टेंट तथा रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर हेतु आवेदन पत्र

आवेदन क्रमांक................./2026 नरसिंहपुर, दिनांक.............................. (कार्यालयीन उपयोग हेतु)

आवेदित पद का नाम :– ------------------------------------------------------------

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में) | | एक रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो चिपकाएं और उस पर अपने हस्ताक्षर करें |
| | अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) | | |
| 2 | पिता/पति का नाम | | |
| 3 | जन्मतिथि (अंकों में)<br>प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें | | |
| 4 | दिनांक 07.07.2026 को आयु | वर्ष..........................माह................दिवस.................... | |
| 5 | लिंग (स्त्री/पुरूष/अन्य) | | |
| 6 | विवाहित/अविवाहित | जीवित बच्चों की संख्या ....................... | |
| 7 | श्रेणी–<br>सामान्य/अनु.जाति/अनु.जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |
| 8 | शैक्षणिक योग्यता<br>(स्नातक की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |
| 9 | रोजगार कार्यालय का पंजीयन क्रमांक<br>(यदि हो तो सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |
| 10 | स्थाई निवास का पता<br>(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |
| 11 | वर्तमान निवास का पूर्ण डाक पता<br>(वाट्सअप मो0नं0 सहित) | | |
| 12 | सेवा अनुभव/पूर्व कार्य/विशेष योग्यता<br>(यदि हो तो अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें) | | |
| 13 | आधार संख्या (सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |
| 14 | पेनकार्ड संख्या (सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |

| | | |
|---|---|---|
| 15 | सी0पी0सी0टी0 डिप्लोमा<br>(यदि हो तो प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 16 | शार्टहैण्ड ज्ञान एवं स्पीड<br>(यदि हो तो प्रमाण पत्र दस्तावेज संलग्न करें) | |
| 17 | यदि आवेदक के विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है, तो उसका विवरण | |

**नोट** :— आवेदन पत्र समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित एडीआर सेंटर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय नरसिंहपुर में अंतिम तिथि 20/07/2026 को सायं 05:00 बजे तक आवश्यक रूप से स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**स्व–घोषणा**

मैं यह घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिए गए समस्त विवरण/सूचनाएं सत्य एवं सही है। यदि किसी भी समय कोई भी विवरण/सूचना असत्य या गलत पाई गई अथवा कोई भी तथ्य मेरे द्वारा छुपाया गया है तो मेरा आवेदन/चयन निरस्त माना जाएगा।

स्थान –..........................................

दिनांक – ......................................

संलग्नकों का विवरण – .............

हस्ताक्षर – .............................................

नाम – ....................................................

मो0नं0 – ...............................................

ईमेल आईडी – ....................................

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरसिंहपुर

**(ए0डी0आर0 भवन, जिला न्यायालय नरसिंहपुर 487001)**

नालसा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल मॉडिफाईड स्कीम, 2022 के अंतर्गत
मुख्यालय नरसिंहपुर हेतु 01 वर्ष की संविदा आधार पर

## ऑफिस प्यून हेतु आवेदन पत्र

आवेदन क्रमांक................/ 2026 नरसिंहपुर, दिनांक............................ (कार्यालयीन उपयोग हेतु)

आवेदित पद का नाम :– ----------------------------------------------

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में) | | एक रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो चिपकाएं और उस पर अपने हस्ताक्षर करें |
| | अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) | | |
| 2 | पिता / पति का नाम | | |
| 3 | जन्मतिथि (अंकों में)<br>प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें | | |
| 4 | दिनांक 07.07.2026 को आयु | वर्ष..........................माह................दिवस.................. | |
| 5 | लिंग (स्त्री / पुरूष / अन्य) | | |
| 6 | विवाहित / अविवाहित | जीवित बच्चों की संख्या ...................... | |
| 7 | श्रेणी–<br>सामान्य / अनु.जाति / अनु.जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |
| 8 | शैक्षणिक योग्यता<br>(कक्षा 08वीं की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |
| 9 | रोजगार कार्यालय का पंजीयन क्रमांक<br>(यदि हो तो सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |
| 10 | स्थाई निवास का पता<br>(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |
| 11 | वर्तमान निवास का पूर्ण डाक पता<br>(वाट्सअप मो0नं0 सहित) | | |
| 12 | सेवा अनुभव / पूर्व कार्य / विशेष योग्यता<br>(यदि हो तो अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें) | | |
| 13 | आधार संख्या (सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |
| 14 | पेनकार्ड संख्या (सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |
| 15 | यदि आवेदक के विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है, तो उसका विवरण | | |

**नोट** :– आवेदन पत्र समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित एडीआर सेंटर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय नरसिंहपुर में अंतिम तिथि 20/07/2026 को सायं 05:00 बजे तक आवश्यक रूप से स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

## स्व–घोषणा

मैं यह घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिए गए समस्त विवरण/सूचनाएं सत्य एवं सही है। यदि किसी भी समय कोई भी विवरण/सूचना असत्य या गलत पाई गई अथवा कोई भी तथ्य मेरे द्वारा छुपाया गया है तो मेरा आवेदन/चयन निरस्त माना जाएगा।

स्थान –............................................

दिनांक – ......................................

संलग्नकों का विवरण – .............

हस्ताक्षर – .............................................

नाम –- ....................................................

मो0नं0 – ...............................................

ईमेल आईडी – ....................................